दिन—शुक्रवार दिनांक— 06 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में कृषि और ग्रामीण परिवर्तन को मजबूती दी गई है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में फिलहाल खाद्यान्न, दलहन और तिलहन की रिकॉर्ड पैदावार हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है और दो हजार उनतीस तक तीन करोड़ और लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

————————————————————————

बिहार की पांच समेत देश की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए मतदान सोलह मार्च को होगा। परिणाम उसी दिन घोषित किये जाएंगे। बिहार की पांच सीटों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कुल छह उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश महासचिव शिवेश कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं। वहीं, राजद की ओर से सांसद अमरेन्द्रधारी सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार समेत आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल और उपराज्यपाल की नियुक्ति की है। सेवानिवृत्त लेफ्टीनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां का स्थान लेंगे। भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी रहे श्री हसनैन ने

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों में भी अपनी सेवाएं दी हैं। इधर, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव को नगालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया गया है। श्री रवि पटना जिले के बिहटा के मूल निवासी है।

———————————————————————

नेपाल में आम चुनाव के लिए चल रही मतगणना में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी साठ सीटों पर आगे चल रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि गगन थापा की नेपाली कॉंग्रेस नौ और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल – यूएमएल चार सीटों पर आगे हैं। पुष्प कमल दहल की एनसीपी तीन सीटों पर आगे चल रही है। मतगणना आज शाम तक पूरी हो जाने की संभावना है। नेपाल में प्रतिनिधि सभा के लिये कल हुए मतदान में लगभग साठ प्रतिशत वोट डाले गये। दो सौ पचहत्तर सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में एक सौ पैंसठ सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से और एक सौ दस का आनुपातिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से होना है।

———————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के काकण चौक के पास पुलिस ने एक कंप्यूटर दुकान में फर्जी पैन और आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

मुंगेर जिले में होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में जमालपुर थाना पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

———————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेशभर के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन और रात के तापमान में एक से दस डिग्री सेल्सियस तक का अंतर देखा जा रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। वहीं, नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक विभिन्न जिलों में वर्षा का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।